## अतिआवश्यक सूचना

पत्रांक–6एमबी/ 529 दिनांक– 10/10/2024

सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद,उ0प्र0, लखनऊ के पत्रसं–प्राशिप/अनु03/2024/7673 दिनांक 09–10–2024 के तारतम्य में सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा जून–2024 के परीक्षा परिणाम के सन्दर्भ में संस्था के छात्र/छात्राओं को सूचित करना है कि परीक्षा परिणाम में प्राप्त अंकों से असंतुष्ट होने पर छात्र/छात्राओं के लिये पुनर्मूल्यांकन फॉर्म परिषद की www.bteup.ac.in पर आमंत्रित किये गये थे। पुनर्मूल्यांकन के रजिस्ट्रेशन की तिथि, महानिदेशक, प्रा0शि0,उ0प्र0की अध्यक्षता में आहूत बैठक में लिये गये निर्णय के अन्तर्गत, छात्रहित के दृष्टिगत जिन छात्र/छात्राओं द्वारा पुनर्मूल्यांकन शुल्क रूपये 500/– का भुगतान कर दिया गया है, ऐसे छात्र/छात्राओं का शुल्क रूपये 250/– प्रति विषय के अनुसारएक माह के भीतर आनलाइन छात्र के खाते में वापस करने एवं पुनर्मूल्यांकन शुल्क रूपये 250/– प्रति विषय निर्धारित करते हुए पुनर्मूल्यांकन के रजिस्ट्रेशन की तिथि 20–10–2024 तक एवं Payment Receipt के प्रिन्ट करने हेतु अंतिम तिथि 22–10–2024 तक बढायी गई है।

अतः उक्त निर्देशानुसार वॉछित छात्र/छात्राऐं पुनर्मूल्यांकन का आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक भरना सुनिश्चित करें।

साथ ही सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, के पत्रसं–प्राशिप/अनु03/2024/7648 दिनांक 08–10–2024 के सन्दर्भ से अवगत कराया है कि परिषद के संज्ञान में आया है कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा छात्र/छात्राओं को पास कराने हेतु रूपयों की मांग की जा रही है, यदि कोई व्यक्ति इस तरह के कॉल अथवा मैसेज करता है तो उक्त कॉल अथवा मैसेज पर ध्यान न दें तथा ऐसे व्यक्ति की रिकार्डिंग कर संबधित व्यक्ति के विरूद्व एफ0आई0आर0 दर्ज कराई जायेगी एवं परीक्षा संबंधी यदि कोई समस्या हो तो छात्र/छात्राऐं परिषद कार्यालय में अनावश्यक रूप से नहीं जायें, समस्या को तत्काल ही संस्था में प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवतक कराये ताकि उक्त समस्या को परिषद कार्यालय समयान्तर्गत भेजा जा सके। यदि कोई छात्र/छात्रा परिषद कार्यालय में अनावश्यक रूप से उपस्थित होता है तो संबंधित छात्र/छात्रा के विरूद्व संस्था स्तर पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

प्रधानाचार्य,
एम0 जी0 पॉलीटैक्निक,हाथरस।

प्रतिलिपि–सूचनापट/कक्षाओं मे भ्रमणार्थ।

02–समस्त प्रभारी विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने स्तर से भी छात्र/छात्राओं को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

03–समस्त शैक्षिक स्टाफ में चकीकृत।

प्रधानाचार्य,
एम0 जी0 पॉलीटैक्निक,हाथरस।
10-10-24